पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने दुःख व्यक्त किया

लखनऊः 27 फरवरी, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने शिया धर्मगुरू मौलाना मिर्जा मोहम्मद अतहर के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

राज्यपाल ने अपने शोक संदेश में कहा है कि मौलाना मिर्जा मोहम्मद अतहर शिक्षा के लिए समर्पित थे। लखनऊ सहित पूरे देश में उनकी अपनी अलग पहचान थी। उन्होंने कहा कि मौलाना अतहर अपने वक्तव्य कला के लिए लोगों के बीच बहुत लोकप्रिय थे।

राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

अंजुम/ललित/राजभवन(77/36)